an>

Title: Need to start freight train service from Mumbai to Bhiwandi in Maharashtra.

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) : अध्यक्ष महोदया, मेरे भिवंडी लोक सभा क्षेत्र में भिवंडी शहर है, जहां टैक्सटाइल का बहुत बड़ा कारोबार है और यह स्थान मुम्बई से 50 किलोमीटर की दूरी पर है। भिवंडी देहात टैक्सटाइल का सबसे बड़ा व्यापारिक केन्द्र है। इसके चलते मुम्बई या अन्य शहरों से हजारों व्यापारी काम के सिलसिले में भिवंडी प्रवास करते हैं। साथ ही साथ भिवंडी से भी उतने ही लोग टैक्सटाइल के व्यापार के लिए मुम्बई के लिए प्रवास करते हैं, लेकिन वहां रेल की कोई सुविधा नहीं है। दिवा-पनवेल रेल चलती है और उसी ट्रैक के ऊपर भिवंडी रोड रेलवे स्टेशन है। रेल नहीं होने की वजह से रोड पर भारी यातायात रहता है, जिसके कारण हफ्ते में तीन दिन जाम लगा रहता है। अगर मुम्बई से भिवंडी तक डायरेक्ट लोकल रेल सेवा शुरु कर दी जाए, तो लोगों को सुविधा मिलेगी और व्यापार में भी वृद्धि होगी।

अतः मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से विनती है कि जल्दी से जल्दी इस ट्रैक के ऊपर लोकल सेवा शुरु की जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री कमलेश पासवान एवं

श्री देवजी. एम. पटेल को कपिल पाटील जी के विषय के साथ सम्बद्ध किया जाता है।